अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न-गुलाम वंश की स्थापना किसने की ? (2023)

उत्तर- गुलाम वंश की स्थापना कुतुबुद्दीन ऐबक ने की थी।

प्रश्न-गुप्तकाल के किन्हीं दो शासकों के नाम लिखिए। (2023)

उत्तर- गुप्तकाल के शासक हैं- समुद्रगुप्त, श्री गुप्त।

प्रश्न- चट्टानें कितने प्रकार की होती है? (2023)

उत्तर- चट्टानें तीन प्रकार की होती हैं- आग्नेय, अवसादी, कायांतरित ।

प्रश्न-पृथ्वी की आकृति कैसी है ? (2023)

उत्तर- पृथ्वी की आकृति अण्डाकार है।

प्रश्न-बेसाल्ट किस चट्टान का उदाहरण है ? (2023)

उत्तर- बेसाल्ट चट्टान एक गहरे रंग की आग्नेय शैल चट्टान है। ये चट्टानें ज्वालामुखी के फटने के दौरान बनती हैं, जब लावा पृथ्वी की सतह पर या उसके बहुत पास तेजी से ठण्डा होता है।

आग्नेय चट्टानें- ये चट्टानें लावा के विस्फोट के कारण पिघले हुए चट्टान खनिजों (जिसे मैग्मा भी कहा जाता है) के जमने के बाद बनती है।

HTGURUJI.COM

प्रश्न-मूल कर्तव्यों की संख्या कितनी है ? (2023)

उत्तर- वर्तमान में मूल कर्तव्यों की संख्या 11 है।

प्रश्न-चालुक्य वंश का संस्थापक कौन था ?

(2023)

उत्तर- चालुक्य वंश का संस्थापक पुलकेशिन प्रथम था।

प्रश्न-दुग्ध क्रान्ति के जनक कौन थे ?

(2023)

उत्तर- दग्ध क्रान्ति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन है।

प्रश्न... सूर्यग्रहण क्या है ? (2023)

प्रश्न- सूर्यग्रहण कब और क्यों होता है ?

उत्तर-सूर्य, चन्द्रमा एवं पृथ्वी की सापेक्षिक स्थितियों में परिवर्तन के फलस्वरूप जब पृथ्वी एवं सूर्य के बीच चन्द्रमा आ जाता है तथा उसकी छाया पृथ्वी पर पड़ने लगती है, तो इसे 'सूर्यग्रहण' की घटना का होना कहा जाता है। अन्य शब्दों में पृथ्वी एवं सूर्य के मध्य चन्द्रमा की अवस्थिति के परिणामस्वरूप चन्द्रमा की छाया पृथ्वी पर पड़ने लगती है तथा सूर्य प्रकाश पृथ्वी को पूर्णतः नहीं मिल पाता है। सूर्यग्रहण की परिघटना सदैव अमावस्या की तिथि को ही घटित होती है। ध्यातव्य है कि सूर्यग्रहण की घटना प्रत्येक अमावस्या तिथि पर नहीं होती है अपितु यह विशेष अमावस्या तिथि पर ही होती है। विशेष अमावस्या तिथि से तात्पर्य, अमावस्या की वैसी तिथि से है जब पृथ्वी, चन्द्रमा के कक्षीय तल में हो।

GURUJI.COM

प्रश्न मृदा अपरदन से आप क्या समझते है?

(2023, 2021)

उत्तर-मृदा अपरदन-मृदा के एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचने अथवा मूल स्थान से हट जाने पर 'मृदा अपरदन' कहते हैं। यह तेज आँधी/तूफान एवं वर्षा के जल द्वारा होती है।

प्रश्न-जलवायु का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(2023)

उत्तर-जलवायु किसी बड़े इलाके का औसत मौसम है जो एक लम्बे समय से बना रहता है। सरल शब्दों में किसी इलाके में किसी एक तरह का औसत मौसम यदि लम्बे समय तक बना रहता है तो उसे उस इलाके की जलवायु कहा जाता है। मौसम कुछ दिनों या घण्टों में बदल सकता है किन्तु जलवायु बदलने में सैकड़ों हजारों वर्ष का समय लगता है।

प्रश्न भारत चीन का युद्ध कब हुआ था ?

(2023, 2016 II)

उत्तर भारत चीन का युद्ध सन् सन् 1962 में हुआ था।

प्रश्न भारत किस गोलार्द्ध में स्थित है ?

(2023, 2016 II, 2017)

उत्तर भारत उत्तरी-पूर्वी गोलार्द्ध में स्थित है।

प्रश्न- मौलिक अधिकारों से आप क्या समझते हैं?

(2023, 2021)

उत्तर-मौलिक अधिकार व्यक्तियों के जीवन के लिए संविधान के द्वारा प्रदान किये जाते हैं।

JIIGURUJI.COM

प्रश्न- अर्थशास्त्र किसकी रचना है?

(2023, 2021)

उत्तर-कोटिल्य की।

प्रश्न गुप्तकालीन प्रमुख बंदरगाह कौन-कौन से थे ?

(2019)

उत्तर भड़ोच तथा ताम्रलिप्ति इस युग के प्रमुख बंदरगाह थे।

प्रश्न जल के स्त्रोत कौन-कौन से हैं? लिखिए।

(2019 I)

उत्तर वर्षा, भूतल, प्रवाह, झीलें, जलप्रपात, शिव समुद्रम, इत्यादि जल के स्त्रोत

प्रश्न- जल प्रपात क्या है? स्पष्ट कीजिए। (2019 II)

उत्तर-पहाड़ों की चट्टानों से गिरने वाले नदी या नालों को जल प्रपात कहा जाता है। यदि गिरने वाला पानी एक बहुत बड़ी धारा के रूप में काफी ऊँचाई से गिरता है तो उसे महाजल प्रपात कहते हैं। यदि गिरने वाले पानी की धारा पतली होती है तो उसे जल प्रपात कहा जाता है।

प्रश्न भूमिगत जल का क्या महत्व है? (2019 Π)

उत्तर - भूमिगत जल (अंग्रेजी = Ground water) या भूगर्भिक जल धरती की सतह के नीचे चट्टानों के कणों के बीच अंतकाश या रन्ध्राकाश में मौजूद जल को कहते हैं।

भूजल एक मीठे पानी के स्रोत के रूप में एक प्राकृतिक संसाधन है। मानव के लिए जल का अत्यधिक महत्व है।

प्रश्न छत्रक शिला क्या है ?

उत्तर - पवन द्वारा उड़ाये गये बालू के कणों द्वारा अपरदन का कार्य धरातल से कुछ मीटर ऊँचाई तक अधिक होता है। इस प्रक्रिया में पवन चट्टान के निचले भाग को घिस देती है। परन्तु उसका ऊपरी भाग अप्रभावित रहता है और छतरी के आकार की भाँति खड़ा रहता है जिसे छत्रक शिला कहते हैं।

प्रश्न घालुका स्तूप का निर्माण कैसे होता है ?

उत्तर - मरुस्थलीय प्रदेशों में जब पवन के मार्ग में कोई रुकावट आती है, तब पवन का वेग कम हो जाता है जिससे पवन के साथ उड़ने वाले पदार्थ धरातल पर गिरकर बालू के टीलों का निर्माण करते हैं। इन्हें 'बालुका स्तूप' कहते हैं। ये मरुस्थलीय और अर्द्ध मरुस्थलीय क्षेत्रों में अधिक बनते हैं। इनका आकार गोल, नवचन्द्राकार और अनुवृत्ताकार होता है। नवचन्द्रकार या चापाकार बालूका स्यूत को 'बरखान' भी कहते हैं।

प्रश्न घायु क्या है ? वायु के गर्म होने का क्या परिणाम होता है ?(2019 1)

उत्तर - वायु पंचमहाभुतों में एक है। वायु वस्तुतः गैसों का मिश्रण है, जिसमें अनेक प्रकार की गैस जैसे- जारक, प्रांगार द्विजारेय, नाइट्रोजन, उदयन इत्यादि। वायु के गर्म होने पर ओजोन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

प्रश्न घन्द्रगुप्त मौर्य का जन्म कब हुआ था ?
उत्तर - चन्द्रगुप्त मौर्य का जन्म लगभग 345 ई. पू. में मोरिय अथवा मौर्य वंश के क्षत्रिय कुल में हुआ था।

प्रश्न-घन्द्रगुप्त मौर्य के राज्य का सीमा विस्तार कहाँ से कहाँ तक था ?
उत्तर- चन्द्रगुप्त मौर्य का साम्राज्य पश्चिम में हिन्दकुश पर्वत से लेकर पूर्व में बंगाल की खाड़ी तक तथा उत्तर में हिमालय से लेकर दक्षिण में मैसूर तक विस्तृत था।

प्रश्न घन्द्रगुप्त के विषय में जानने का मुख्य स्रोतु क्या है ?
उत्तर- चन्द्रगुप्त के विषय में जानने का मुख्य स्रोत कौटिल्य का 'अर्थशास्त्र' तथा मेगस्थनीज की 'इण्डिका' ग्रन्थ हैं।

प्रश्न घन्द्रगुप्त मौर्य ने पंजाब पर पूर्ण अधिकार किस वर्ष स्थापित किया ?

उत्तर- चन्द्रगुप्त ने 316 ई. पू. में सम्पूर्ण पंजाब पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया।

प्रश्न घन्द्रगुप्त मौर्य मगध के सिंहासन पर कब बैठा ?

उत्तर-321 ई. पू. में चन्द्रगुप्त मगध के सिंहासन पर बैठा।

प्रश्न- सेल्यूकस में भारत पर आक्रमण कब किया ?

उत्तर-305 ई. पू. में सेल्यूकस ने भारत पर आक्रमण कर दिया।

प्रश्न- मेगस्थनीज के अनुसार भारत का सबसे बड़ा नगर कौन-सा था।

उत्तर-पाटिलपुत्र।

प्रश्न- मौर्य शासन में सेना का संगठन करने वाले मण्डल में सदस्यों की संख्या कितनी है ?

उत्तर 30 सदस्य।

प्रश्न- मौर्य शासन में नगर के न्यायाधीश तथा जनपदों के न्यायाधीश को क्या कहा जाता था ?

उत्तर-नगरों के न्यायाधीश 'व्यावहारिक महामात्र' और जनपदों के न्यायाधीश 'राजुक' कहलाते थे।

प्रश्न- भूमिकर एकत्र करने वाले अधिकारी को क्या कहा जाता था ?

उत्तर अग्रम।

प्रश्न मौर्य प्रशासन में 'तीर्थ' क्या था ?

उत्तर-शासन की सुविधा के लिए केन्द्रीय शासन कई विभागों में विभक्त था जिन्हें तीर्थ कहते थे।

प्रश्न- बिन्दुसार को किस और उपनाम से जाना जाता है ?

उत्तर-अमित्र (शत्रुओं का संहारक)।

प्रश्न- अशोक का धम्म किस सिद्धान्त का अनुमोदन करता था ?

उत्तर अशोक का धम्म "वसुधैव कुटुम्बकम्" के सिद्धान्त का अनुमोदन करता था।

प्रश्न- मौर्यकाल में समाज कितने वर्षों में विभक्त था ?

उत्तर-समाज चार वर्षों में विभक्त था ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र।

प्रश्न- मौर्यकाल में शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था ?

उत्तर-तक्षशिला।

प्रश्न मौर्यकाल के पतन का मुख्य कारण क्या था ?

उत्तर-अशोक के बाद कोई योग्य उत्तराधिकारी न होना।

प्रश्न- मौर्य प्रशासन में जनगणना समिति क्या कार्य करती थी ?

उत्तर-जन्म-मरण का हिसाब रखना।

प्रश्न- सर्वप्रथम 'महाराजाधिराज' की उपाधि किसने धारण की थी ?

उत्तर-सर्वप्रथम 'महाराजाधिराज' की उपाधि चन्द्रगुप्त प्रथम ने धारण की थी।

प्रश्न- गुप्त संवत का प्रचलन किसने व कब किया ?

उत्तर-चन्द्रगुप्त प्रथम ने 319-320 ई. में गुप्त संवत का प्रचलन किया।

प्रश्न- महाकवि हरिषेण कौन था ?

उत्तर-महाकवि हरिषेण समुद्रगुप्त का मंत्री एवं दरबारी था।

HINDIGURUJI.COM

प्रश्न- समुद्रगुप्त को 'भारत का नैपोलियन" क्यों कहा जाता है ?

उत्तर-समुद्रगुप्त महान् विजेता होने के साथ ही एक निपुण सेना नायक था। इसलिए उसे भारत का नैपोलियन कहा जाता है।

प्रश्न-गुप्तकाल के दो प्रसिद्ध वैज्ञानिक कौन थे ?

उत्तर-आर्यभट्ट, बराहमिहिर।

प्रश्न-गुप्तकाल के दो प्रसिद्ध साहित्यकारों के नाम लिखिए।

उत्तर- कालिदास, विष्णु शर्मा।

प्रश्न चन्द्रगुप्त द्वितीय के बारे में बताइए।

उत्तर- समुद्रगुप्त के बाद उसका पुत्र चन्द्रगुप्त द्वितीय राजगद्दी पर बैठा। चन्द्रगुप्त द्वितीय ने 400 वर्षों से मालवा व गुजरात में शासन कर रहे शकों को हराया। इन्होंने विक्रमादित्य की उपाधि धारण की।

प्रश्न- चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के शासन में भूमिकर वसूलने वाले अधिकारी को क्या जाता है ?

उत्तर-शल्किक।

प्रश्न- हूणों ने भारत पर आक्रमण किस शासक के काल में किया था ?

उत्तर - कुमार गुप्त।

प्रश्न-चीन यात्री फाह्यान किसके शासनकाल में भारत भ्रमण पर आया था ?

उत्तर - चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के शासन काल में।

ITIGURUJI.COM

प्रश्न चीनी यात्री फाहयान का वास्तविक नाम क्या था ?

उत्तर - कुंग।

प्रश्न फाहयान का क्या अर्थ है ?

उत्तर - फाहयान का अर्थ है- धर्म गुरू या धर्म रक्षक।

प्रश्न गुप्त वंश का अंतिम योग्य शासक कौन था ?

उत्तर- स्कन्द गुप्त विक्रमादित्य।

प्रश्न-हूण आक्रमणकारी कौन थे ?

उत्तर- हूण लोग मध्य एशिया के खानाबदोश जंगलियों के समूह थे।

प्रश्न-पुष्यभूति वंश का प्रथम प्रभावशाली शासक कौन था ?

उत्तर- हर्षवर्धन ।

प्रश्न -हर्ष के शासनकाल में प्रान्तों को क्या कहा जाता था ?

उत्तर - भुक्ति।

प्रश्न-हर्ष के समय के किन्हीं दो विद्वानों के नाम बताइए।

उत्तर - बाणभट्ट, दिवाकर।

प्रश्न-प्राचीन ग्रन्थ राजतरंगिणी में कितने राजपूत कुलों का लेख है ?

उत्तर- राजतरंगिणी में 36 राजपूत कुलों का लेख है।

प्रश्न-चन्देलों की राजधानी का क्या नाम था ?

उत्तर - खुजराहो।

ITIGURUJI.COM

प्रश्न-परमार वंश का प्रथम स्वतन्त्र शासक कौन था ?

उत्तर- सीयक अथवा श्री हर्ष।

प्रश्न गहड़वालों का सर्वाधिक योग्य एवं शक्तिशाली शासक कौन था ?

उत्तर गोविन्द चन्द्र (1114-1115 ई.)

प्रश्न जयचन्द्र किस युद्ध में पराजित हुआ था ?

उत्तर- चन्दावर के युद्ध में।

प्रश्न अवन्तिसुन्दरी कौन थी ?

उत्तर अंवतिसुन्दरी एक विदुषी महिला थी।

प्रश्न चेदि राजवंश का प्रथम शासक कौन था ?

उत्तर इस वंश का प्रथम शासक कोक्कल प्रथम था।

प्रश्न चालुक्य अथवा सोलंकी वंश की राजधानी कहाँ थी ?

उत्तर इनकी राजधानी अहिन्लवाड़ा में थी।

प्रश्न प्रतिहार वंश की स्थापना किसने की थी ?

उत्तर प्रतिहार वंश की स्थापना हरिश्चन्द्र ने की, किन्तु वास्तविक प्रथम राजा नागभट्ट प्रथम था।

प्रश्न चहमान वंश का सबसे प्रसिद्ध व अन्तिम शासक कौन था ?

उत्तर पृथ्वीराज तृतीय (1179-1193 ई.)।

ITIGURUJI.COM

प्रश्न पाल राजवंश का प्रथम राजा (शासक) कौन था ?

उत्तर धर्मपाल (770-810 ई.)।

प्रश्न राजपूत काल में राज्य की आय का प्रमुख स्रोत क्या था ?

उत्तर राज्य की आय का प्रमुख स्रोत भूमिकर था।

प्रश्न राजपूत काल में जनता की जीविका का मुख्य साधन क्या था ?

उत्तर कृषि।

प्रश्न राजपूत काल में कौन-से धर्म प्रचलित थे ?

उत्तर ब्राह्मण तथा जैन धर्म।

प्रश्न राजपूतकालीन कला एवं स्थापत्य शैलियाँ कौन-कौन सी थीं नामोल्लेख

करें।

उत्तर-नागर, द्रविड़ और वेसर।

प्रश्न चालुक्य वंश की कितनी शाखाएँ थीं ?

उत्तर तीन शाखाएँ- (i) कल्याणी के चालुक्य, (ii) वातापी के चालुक्य, (iii) वेंगी के चालुक्य।

प्रश्न "कविराज मार्ग" तथा "रत्नमालिका" किसके द्वारा लिखितं कृति हैं ?

उत्तर "कविराज मार्ग" अमोघवर्ष प्रथम द्वारा तथा 'रत्नमालिका' जिनसेन द्वारा लिखित कृति हैं।

प्रश्न ऐहोल का विष्णु मन्दिर किसने बनाया था ?

उत्तर-ऐहोल का विष्णु मन्दिर वातापी के चालुक्यों ने बनवाया था।

प्रश्न हर्षवर्धन को किस चालुक्य नरेश ने पराजित किया था ?

उत्तर-हर्षवर्धन को पुलकेशिन द्वितीय ने पराजित किया।

ITIGURUJI.COM

शाल राहुल बोर के प्रमुख शासकों के नाम लिखिए।

उत्तर कृष्ण प्रथम, ध्रुव धारा वर्ष गोबिन्द द्वितीय, अमोघवर्ष आदि।

प्रात्र चोल वंश के चार प्रमुख शासकों के नाम लिखिए।

उत्तर आदित्य प्रथम, राजराज प्रथम, राजेन्द्र द्वितीय, कोलोत्तुंग आदि।

प्रश्न-पत्लवकालीन 'मत्तविलास प्रहसन' किसके द्वारा रचित कृति है ?

उत्तर महेन्द्रवर्मन।

प्रश्न- चेंगी के चालुक्य राजवंश का संस्थापक कौन था ?

उत्तर-विष्णुवर्धन।

प्रश्न वातापी के चालुक्य राजवंश की स्थापना किसने की थी ?

उत्तर जय सिंह।

प्रश्न पल्लव वंश की राजधानी कहाँ थी ?

उत्तर- पल्लव वंश की राजधानी काँची थी।

प्रश्न इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मुहम्मद साहब का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

उत्तर- इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मुहम्मद साहब का जन्म 570 ई. (हिजरी सम्वत् से 53 वर्ष पूर्व) अरब के मक्का नगर में हुआ था।

प्रश्न गजनवी वंश को और किस अन्य नाम से जाना जाता है ?

उत्तर- यामिनी वंश।

प्रश्न इस्लाम धर्म के अनुसार प्रत्येक मुसलमान को कितने कर्म सिद्धान्त बताये गये हैं ?

उत्तर- पाँच कलमा, नमाज, रोजा, जकात, हज।

प्रश्न भारत में इस्लाम धर्म की स्थापना किस के समय से मानी जाती है ?

उत्तर- मुहम्मद बिन कासिम ।

प्रश्न- सल्तनत काल में भारत को कहा जाता था ?

उत्तर-सोने की चिड़िया।

प्रश्न-लाखबख्श (लाखों का दान करने वाला) की उपाधि किसे दी गयी है ?

उत्तर- कुतुबुद्दीन ऐबक को।

प्रश्न-अढ़ाई दिन को झोपड़ा' का निर्माण किसने कराया है ?

उत्तर-कुतुबुद्दीन ऐबक ने।

प्रश्न चालीसा क्या है ?

उत्तर 40 तुर्की सरदारों का गुट।

प्रश्न-कुतुबमीनार का निर्माण कार्य किसने पूर्ण करवाया ?

उत्तर - इल्तुतमिश।

प्रश्न-सलनतकालीन पहली महिला शासक कौन थी ?

उत्तर- रजिया बेगम (1236-1246 ई.)।

प्रश्न खिलजी वंश का शासन कब से कब तक रहा ?

उत्तर-1290 से 1320 ई. तक।

प्रश्न भारत में खिलजी वंश की स्थापना किसने की थी ?

उत्तर-1290 ई. में जलालुउद्दीन फिरोज खिलजी ने भारत में खिलजी वंश की स्थापना की।

ITIGURUJI.COM

प्रश्न खिलजी वंश का अन्तिम शासक कौन था ?

उत्तर-नासिरुद्दीन खुसरो खिलजी।

प्रश्न अफ्रीकी यात्री इब्नबतूता भारत कब आया ?

उत्तर-1333 ई. में।

प्रश्न- सैय्यद वंश की स्थापना किसने की थी ?

उत्तर-खिज्र खाँ।

प्रश्न- गुलरुखी उपनाम किस शासक का है?

उत्तर सिकन्दर लोदी।

प्रश्न लोदी वंश की स्थापना किसने की थी ?

उत्तर बहलोल लोदी।

प्रश्न- सैद्धान्तिक रूप से मुस्लिम राज्य किस प्रकार का था ?

उत्तर-धर्म प्रधान राज्य।

प्रश्न "नूहे सिपेहर, तुगलक नामा" की रचना किसने की थी ?

उत्तर-अमीर खुसरो ने।

प्रश्न राजतरंगिणी के रचनाकार कौन हैं ?

उत्तर कल्हण।

प्रश्न- सल्तनकाल में कितने कर लिये जाते थे ?

उत्तर-चार खक्स, जाजिया, सकात एवं खराज ।

प्रश्न- सल्तनकाल (1206 ई.-1526 ई.) के मध्य दिल्ली सल्तनत पर कितने राजवंशों ने शासन

HTGURUJI.COM

किया ?

उत्तर पाँच राजवंशों ने।

प्रश्न मंगोल साम्राज्य की स्थापना किसने की थी ?

उत्तर- चंगेज खाँ ने।

प्रश्न चंगेज खाँ ने सर्वप्रथम किस भू-भाग को अपने अधीन किया ?

उत्तर-उत्तरी चीन के भू-भाग को।

प्रश्न- तैमूर का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

उत्तर-तैमूर का जन्म 1336 में ट्रांस ओक्सियाना प्रदेश के केश नामक स्थान पर हुआ था।

प्रश्न दिल्ली पर तैमूर ने अधिपत्य कब स्थापित किया?

उत्तर-1398 में।

प्रश्न- सल्तनकाल का सामाज्य कितने वर्षों चला ?

उत्तर-320 वर्ष तक।

प्रश्न-सल्तनकाल के पतन का मुख्य कारण क्या था ?

उत्तर-साम्राज्य की विशालता।

प्रश्न-सूफी क्या है ?

उत्तर-अरब में जो व्यक्ति 'सफ' अर्थात् भेड़ के बालों का ऊनी वस्त्र पहनते थे उन्हें सूफी पुकारा गया।

प्रश्न-सूफी सम्प्रदाय क्या है ?

ITIGURUJI.COM

उत्तर-इसे मुस्लिम रहस्यवादी आन्दोलन भी कहा जाता है।

प्रश्न-सूफी आन्दोलन का एकमात्र उद्देश्य क्या है ?

उत्तर-सूफी आन्दोलन का एकमात्र उद्देश्य सभी को बिना किसी भेद-भाव के ईश्वर के प्रति प्रेम सिखाना था।

प्रश्न-सूफी सम्प्रदाय किस सम्प्रदाय का अंश है ?

उत्तर-मुस्लिम सम्प्रदाय।

प्रश्न-सूफी सन्तों का जीवन कैसा था ?

उत्तर-सूफी सन्तों ने खानकाह बनवाये जहाँ वह स्वयं रहते थे, उपदेश देते थे और मानव सेवा भी करते थे।

प्रश्न- भक्ति आन्दोलन क्या है ?

उत्तर-भक्ति की धारणा का अर्थ एकेश्वर के प्रति सच्ची निष्ठा है। भक्ति आन्दोलन के उपासकों ने विधियों के रूप में कर्मकाण्डों तथा यज्ञों का परित्याग किया।

प्रश्न- भक्ति संतों का मूलाधार क्या था ?

उत्तर-ईश्वर से केवल भक्ति द्वारा सम्पर्क स्थापित करना ही भक्ति संतों का मूल आधार था।

प्रश्न- भक्ति आन्दोलन के प्रमुख संतों के नाम लिखिए।

उत्तर-रामानुज, निम्बार्क।

प्रश्न-बहमनी राज्य की स्थापना कब हुई ?

उत्तर-1347 ई. में बहमनी राज्य की स्थापना मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में हुई।

प्रश्न-बहमनी राज्य में कुल कितने शासकों ने राज्य किया ?

उत्तर-चौदह।

ITIGURU.COM

प्रश्न-बहमनी राज्य में कौन-सा रूसी यात्री भ्रमण हेतु आया ?

उत्तर- एथनेसियम निकितिन।

प्रश्न-बहमनी राज्य के पतन के बाद दक्कन में कितने नए राज्यों का उदय हुआ ?

उत्तर-पाँच बीदर, बरार, बीजापुर, अहमनगर, गोलकुंडा।

प्रश्न-बहमनी राज्य की राजधानी क्या थी ?

उत्तर-गुलबर्गा।

प्रश्न-विजयनगर राज्य की स्थापना किसने की थी ?

उत्तर-विजयनगर राज्य की स्थापना हरिहर और बुक्का नामक दो भाइयों ने की थी।

प्रश्न-विजयनगर राज्य किस प्रथा पर आधारित था ?

उत्तर-विजयनगर राज्य सामन्तशाही प्रथा पर आधारित था।

प्रश्न-राज्य प्रशासन की सुविधा के अनुसार विजयनगर राज्य कितने प्रान्तों में विभाजित था ?

उत्तर-छः प्रान्तों में।

प्रश्न-चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के नौ रत्नों में से किन्हीं चारे का नाम लिखिए।

(2017)

उत्तर-धन्वतरि, अमर सिंह, शकु, वेताल भट्ट, कालिदास।

प्रश्न-विशाखदत्त के द्वारा लिखित दो नाटकों का नाम लिखिए?

(2017)

उत्तर-मुद्राराक्षस, देवी चन्द्र गुप्तम।

ITIGURUJI.COM

प्रश्न-चन्द्रमा की परिक्रमा कितने समय में पूर्ण होती है ?

उत्तर-चन्द्रमा अपने अक्ष के परितः लगभग 29 दिनों में कुछ अधिक समय में एक परिभ्रमण पूरा करता है।

प्रश्न "चन्द्र वर्ष" क्या है ?

उत्तर-कुल 12 चन्द्र मासों का समूह "चन्द्र वर्ष" कहलाता है।

प्रश्न-चन्द्र दिवस किसे कहते हैं ?

उत्तर-24 घण्टे 50 मिनट का वह समय जिस दौरान चन्द्रमा की सीध में पृथ्वी पर स्थित बिन्दु पुनः एक बार घूमकर चन्द्रमा के ठीक नीचे उस बिन्दु पर पहुँचता है, चन्द्र दिवस कहलाता है।

प्रश्न चन्द्रमा किससे प्रकाशित होता है ?

उत्तर-चन्द्रमा का स्वयं का कोई प्रकाश नहीं है, बल्कि यह सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित होता है।

प्रश्न पृथ्वी क्या है ?

उत्तर-पृथ्वी सौरमण्डल का एक अंग है।

प्रश्न चन्द्रमा क्या है ?

उत्तर-पृथ्वी का एक उपग्रह है।

प्रश्न एपोजी क्या है ?

उत्तर-चन्द्रमा की सापेक्षित स्थिति पृथ्वी से सर्वाधिक दूरस्थ होती है तो इस अवस्था को एपोजी कहा जाता है।

प्रश्न-ग्रहण किसे कहते हैं ?

उत्तर-यदि किसी एक प्रकाश बिन्दु से मुक्त होने वाले प्रकाश के मार्ग में कोई वस्तु आ जाती है तो उससे एक छाया बनती है जिसे ग्रहण कहते हैं।

प्रश्न-चन्द्र ग्रहण कब होता है ?

HTGURUJI.COM

उत्तर-जब पृथ्वी, सूर्य एवं चन्द्रमा के बीच में अवस्थित होती है, तो चन्द्रमा पर सूर्य का प्रकाश नहीं हो पाता है, बल्कि पृथ्वी की छाया चन्द्रमा पर पड़ने लगती है तब चन्द्र ग्रहण होता है।

प्रश्न पूर्व पहण कब होता है ?

उत्तर जब पृथ्वी एवं सूर्य के मध्य चन्द्रमा आ जाता है तब उसकी छाया पृथ्वी पर पड़ने लगती है, तो इसे सूर्य ग्रहण कहते हैं।

पेशन डायमंड रिंग क्या है ?

उत्तरपूर्ण सूर्य ग्रहण की स्थिति में सूर्य के किनारे चमकती हुई अँगूठी के समान दिखाई देते हैं, तो इसे डायमंड रिंग कहते हैं। प्रश्न "पूर्ण सूर्य ग्रहण" और "आंशिक सूर्य ग्रहण" को समझाइए।

उत्तर जब चन्द्रमा, सूर्य को पूरी तरह से बैंक लेता है तो यह स्थिति पूर्ण सूर्य ग्रहण कहलाती है और यदि चन्द्रमा, सूर्य का कुछ भाग बैंक लेता है तो वह आंशिक सूर्य

ग्रहण कहलाता है।

प्रश्न एक कैलेण्डर वर्ष में अधिकतम कितने ग्रहण हो सकते हैं ?

उत्तर सात।

प्रश्न स्थलमण्डल क्या है ?

उत्तर पृथ्वी का धरातलीय भाग स्थलमण्डल कहलाता है जो कि विभिन्न प्रकार की चट्टानों से मिलकर बना है।

प्रश्न वायुमण्डल क्या है ?

उत्तर समस्त स्थलीय व जलीय भाग को एक आवरण के रूप में घेरे हुआ भाग वायुमण्डल

ITIGURUJI.COM

कहलाता है।

प्रश्न पृथ्वी के विभिन्न परिमण्डलों के नाम लिखिए।

उत्तर स्थलमण्डल, वायुमण्डल, जलमण्डल, जैवमण्डल।

प्रश्न जैवमण्डल क्या है ?

उत्तर पृथ्वी के धरातल पर उपस्थित ऐसा सीमित क्षेत्र जहाँ अन्य तीनों मण्डल मिलते हैं, जैवमण्डल कहलाता है।

प्रश्न सात महाद्वीपों के नाम बताइए।

उत्तर-एशिया, यूरोप, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, आस्ट्रेलिया तथा अण्टार्कटिका।

प्रश्न "नीला ग्रह" किसे कहा जाता है ?

उत्तर पृथ्वी को।

प्रश्न भू-पर्पटी किसे कहते हैं ?

उत्तर पृथ्वी की सबसे ऊपरी परत को भू-पर्पटी कहते हैं।

प्रश्न पृथ्वी की त्रिज्या कितनी है ?

उत्तर पृथ्वी की त्रिज्या लगभग 6370 किमी. है।

प्रश्न मैंटिल क्या है ?

उत्तर-भू-पर्पटी के नीचे अवस्थित परत, जो कि 2900 किमी. की गहराई तक विस्तृत है, मैंटिल कहलाती है।

प्रश्न कोर क्या है ? इसके भागों के नाम लिखो।

उत्तर यह पृथ्वी की सबसे भीतरी परत है, जो कि निकिल तथा लोहे खनिज तत्वों से निर्मित है। इस परत के दो भाग हैं- बाह्य कोर एवं आन्तरिक कोर।

ITIGURUJI.COM

प्रश्न शैल क्या है ?

उत्तर-वे सभी पदार्थ जिनसे भू-पर्पटी का निर्माण हुआ है, चाहे वो ग्रेनाइट की भाँति कठोर हों या चीका, रोड़ी की भाँति नरम एवं मुलायम हों, शैल कहलाते हैं।

प्रश्न चट्टानों के कितने भेद हैं ?

आग्नेय, (ii) अवसादी,

(iii) रूपान्तरित।

उत्तर- (i) प्रश्न-रासायनिक संरचना के आधार पर आग्नेय चट्टानें कितने प्रकार की होती हैं ?

उत्तर-दो प्रकार की होती हैं- (i) अम्लीय आग्नेय चट्टान, (ii) क्षारीय आग्नेय चट्टान।

प्रश्न अवसादी चट्टानों का निर्माण कैसे होता है ?

उत्तर-अवसादी चट्टान वे हैं, जो विखण्डित ठोस पदार्थ से बनी हों या जीव-जन्तुओं और पेड़-पौधों के जमाव से निर्मित हों।

प्रश्न-अवसादी चट्टानों के दो उदाहरण बताओ।

उत्तर-बलुआ पत्थर तथा खड़िया।

प्रश्न-पृथ्वी की आंतरिक संरचना की परतों के नाम लिखिए।

उत्तर-पृथ्वी की आंतरिक संरचना-भू-पर्पटी, मैंटिल तथा कोर से होती है।

प्रश्न मैग्मा क्या है ?

उत्तर- धरातल के अंदर अर्द्ध तरल पदार्थ पाया जाता है जिसे मैग्मा कहते हैं।

प्रश्न-लावा किसे कहते हैं ?

उत्तर-धरातल के अंदर का अर्द्ध-तरल पदार्थ जब धरातल पर निकलकर फैल जाता है तो इसे 'लावा' कहा जाता है।

HINDIGURUJI.COM

प्रश्न-ज्वालामुखी क्या है ?

र-ज्वालामुखी एक ऐसा शंक्वाकार पर्वत है, जिसके द्वारा भू-गर्भ से नाली या दरार द्वारा आकस्मिक रूप से कीचड़, धुआँ, वाष्प, गैंसे, लावा क्या चट्टानी पदार्थों का प्रवाह धरातल पर पाया जाता है।

प्रश्न-'क्रेटर' किसे कहते हैं ?

उत्तर-ज्वालामुखी में निर्मित शंकु के ऊपरी भाग को 'क्रेटर' कहते हैं।

प्रश्न- 'भूकम्प' किसे कहते हैं ? भूकम्प की तीव्रता नापने के लिए किसका

प्रयोग होता है ? (2017)

उत्तर-भूकम्प जब आन्तरिक शक्तियों के कारण पृथ्वी की सतह अचानक, कम्पित होती है तो उसे भूकम्प कहते हैं।

यंत्र-सिस्मोग्राफ (भूकम्पमापी यंत्र) मापन की इकाई रिक्टर स्केल।

प्रश्न- 'अपशिष्ट' किसे कहते हैं ?

(2017)

उत्तर-कारखानों से निकलने वाला या उपभोग करने के पश्चात् जो चीजें शेष बचती हैं अपशिष्ट पदार्थ कहलाते हैं।

प्रश्न-ज्वालामुखी कितने प्रकार के होते हैं ?

उत्तर-मुख्यतया ज्वालामुखी तीन प्रकार के होते हैं-

(i) सक्रिय ज्वालामुखी,

(ii) प्रसुप्त ज्वालामुखी,

(iii) सुसुप्त/शांत ज्वालामुखी।

NIHGURUJI.COM

प्रश्न-किस ज्वालामुखी को "भूमध्य सागर का प्रकाश स्तम्भ" कहा जाता है ?

उत्तर- माउण्ट स्ट्राम्बोली।

प्रश्न- 'काल्डेरा' क्या है ?

उत्तर-'स्पेनिश' भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है-कुड़ाहा। विस्तृत क्रेटर का आकार ही काल्डेरा है।

प्रश्न-ज्वालामुखी शंकु किसे कहते हैं ?

उत्तर-ज्वालामुखी का उद्भेदन जब एक छिद्र के सहारे होता है, तो उसमें से निकलने वाला पदार्थ मुख के चारों ओर जमा हो जाता है और शंकु रूप धारण कर लेता है। इस प्रकार निर्मित शंकु "ज्वालामुखी शंकु" कहलाता है।

प्रश्न- ज्वालामुखी की कितनी मेखलाएँ हैं ?

उत्तर- वैश्विक स्तर पर ज्वालामुखी की तीन मेखलाएँ हैं-

(i) परिप्रशान्त महासागरीय मेखला;

(ii) यूरेशियाई मध्य महाद्वीपीय मेखला;

(iii) अटलांटिक महासागरीय मेखला।

प्रश्न-भूकम्पीय तरंगें कितने प्रकार की होती हैं ?

उत्तर- भूकम्पीय तरंगें तीन प्रकार की होती हैं-

(i) प्राथमिक तरंगें (पी) (ii) द्वितीय तरंगें (एस), (iii) धरातलीय तरंगें (एल)।

प्रश्न-अनुदैर्ध्य तरंग किसे कहते हैं ?

उत्तर-प्राथमिक तरंगों को ही अनुदैर्ध्य तरंग कहते हैं।

प्रश्न- "सिस्मोग्राफ" क्या है ?

उत्तर-भूकम्पीय तरंगों का अंकन जिस यंत्र द्वारा किया जाता है उसे सिस्मोग्राफ कहते हैं।

MCQGURUJI.COM

प्रश्न- ज्वालामुखी पांक क्या है ?

उत्तर-ज्वालामुखी विस्फोट के उपरांत वर्षा हो जाने से निर्मित धूल कण।

प्रश्न-वैश्विक भूकम्प क्षेत्र को कितने भागों में बाँटा जा सकता है ?

उत्तर-वैश्विक भूकम्प क्षेत्रों को निम्नलिखित पेटियों में बाँटा जा सकता है- (i) प्रशांत महासागर तटीय पेटी, (ii) मध्यवर्ती पेटी, (iii) भूकम्प शून्य क्षेत्र।

प्रश्न-अनाच्छादन के अन्तर्गत किन दो क्रियाओं को सम्मिलित किया गया है?

उत्तर-अनाच्छादन के अन्तर्गत दो क्रियाओं को सम्मिलित किया गया है-

अपक्षय (Weathering) और अपरदन (Erosion)।

प्रश्न-अपक्षय कितने प्रकार का होता है ?

उत्तर-अपक्षय तीन प्रकार का होता है-भौतिक, रासायनिक एवं जैविक ।

प्रश्न-हिमानी किसे कहते हैं ?

उत्तर-बर्फ के गतिशील ढेर को हिमानी कहते हैं।

प्रश्न हिमोढ़ किसे कहते हैं ?

उत्तर-जब हिमानी चट्टानों को घर्षित कर उसका चूर्ण पर्वत के निचले भागों में जमा कर देता है तो इन्हें हिमोढ़ कहा जाता है।

प्रश्न-भूमिगत जल किसे कहते हैं ?

उत्तर- चट्टानों के छिद्रों और दरारों से होकर वर्षा का जल या प्रवाहित जल भू-पृष्ठ के नीचे चला जाता है। इसे भूमिगत जल कहते हैं।

ITIGURUJI.COM

प्रश्न कैनियन किसे कहते हैं ?

उत्तर-नदियों के गार्ज के वृहद रूप को कैनियन कहते हैं।

प्रश्न जल प्रपात किसे कहते हैं ?

उत्तर-जब नदी का जल ऊँचाई से खड़े ढाल के सहारे अधिक वेग से नीचे गिरता है तो इसे जल प्रपात कहते हैं।

प्रश्न- बरखान किसे कहते हैं ?

उत्तर- चन्द्राकार या चापाकार बालूका स्तूप को 'बरखान' कहते हैं।

प्रश्न नदी विसर्प किसे कहते हैं ?

उत्तर- पर्वतीय भाग से जब नदी नीचे उतरती है तो मैदानी रूप भागों में उसकी गति मंद पड़ जाती है जिससे नदी का मार्ग घुमावदार हो जाता है। इन टेढ़े-मेढ़े मोड़ों को ही नदी विसर्प (मियाण्डर) कहा जाता है।

प्रश्न वायुमण्डल किसे कहते हैं ?

उत्तर- पृथ्वी के चारों ओर हजारों किमी. ऊँचाई तक विस्तृत रंगहीन, गंधहीन, स्वादहीन प्रकृति वाले गैसों के यांत्रिक या भौतिक मिश्रण को वायुमण्डल कहते हैं।

प्रश्न क्षोभमण्डल का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

उत्तर- यह वायुमण्डल की सबसे निचली और सघन परत है जिसमें वायुमण्डल के समस्त गैसीय द्रव्यमान का 75% पाया जाता है।

प्रश्न वायुमण्डल को कितने संस्तरों में बाँटा गया है ?

उत्तर- वायुमण्डल को पाँच संस्तरों में बाँटा गया है-

(i) क्षोभ मण्डल, (ii) समतापमण्डल, (iii) मध्यमण्डल, (iv) आयनमण्डल,

(v) बर्हिमण्डल।

प्रश्न वायुमण्डल के प्रमुख तत्व क्या हैं ?

उत्तर- वायुमण्डल के प्रमुख तत्व हैं- तापमान, वायुदाब, वायुदाब पेटियाँ, पवन, वायुमण्डल की आर्द्रता तथा वर्षा।

प्रश्न वायुदाब नापने के यंत्र को क्या कहते हैं ?

उत्तर- बैरोमीटर।

प्रश्न संघनन किसे कहते हैं ?

उत्तर- जब वायुमण्डल का ताप घटने लगता है तो वह जलवाष्प में परिवर्तित हो जाती है जिसे संघनन कहते हैं।

प्रश्न वायुदाब का मापन किया जाता है ?

उत्तर- मिलीबार में।

प्रश्न-पृथ्वी पर वायुदाब की कितनी पेटियाँ पायी जाती हैं ?

उत्तर-पृथ्वी पर वायुदाब की निम्न पेटियाँ पायी जाती हैं-

(i) विषुवतीय या भूमध्य रेखीय निम्न वायुदाब;

(ii) उपोष्ण उच्चदाब पेटी;

(iii) अध्रुवीय निम्न वायुदाब पेटी;

(iv) ध्रुवीय उच्च दाब पेटी।

प्रश्न-वायुमण्डल की आर्द्रता किस यत्र द्वारा मापी जाती है ?

उत्तर-वायुमण्डल की आर्द्रता आर्द्रतामापी द्वारा मापी जाती है।

प्रश्न- 'वायुदाब' या 'वायुभार' किसे कहते हैं ?

HTGURUJI.COM

उत्तर- धरातल पर वायुमण्डल की समस्त परतों के पड़ने वाले भार को वायुदाब या वायुभार कहते हैं।

प्रश्न-पवन किसे कहते हैं ?

उत्तर-एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर गतिशील वायु को पवन कहा जाता है।

प्रश्न- 'कोरियोलिस' बल किसे कहते हैं ?

उत्तर-पृथ्वी के अपनी धुरी पर घूमने के कारण ही हवाओं की दिशा में विक्षेप (मुड़ना) हो जाता है। इस परिवर्तनकारी बल को विक्षेप बल या कोरियोलिस बल कहा जाता है।

प्रश्न-पवनों के प्रकार बताइए।

उत्तर-पवनों के प्रकार निम्नलिखित हैं- (i) स्थायी अथवा प्रचलित भूमण्डलीय पवनें, (ii) सामयिक या मौसमी अथवा अस्थायी पवनें, (iii) स्थानीय पवनें।

प्रश्न- 'प्रचण्ड पचासा' तथा 'चीखता साठा' किसे कहते हैं ?

उत्तर- पछुआ पवन के तीव्र गति से चलने और उससे उत्पन्न होने वाली ध्वनि के कारण 50° दक्षिणी अक्षांश पर 'प्रचण्ड पचासा' तथा 60° दक्षिणी अक्षांश पर 'चीखता साठा' कहा जाता है।

प्रश्न-ट्रेड विंड्स किसे कहते हैं ?

उत्तर-व्यापारिक सन्मार्गी पवन को अंग्रेजी में ट्रेड विंड्स कहा जाता है।

प्रश्न-मानसूनी पवनें क्या हैं ?

उत्तर-वे पवनें जिनकी दिशा में मौसम के अनुसार पूर्ण परिवर्तन आ जाता है, मानसूनी पवनें कहलाती हैं।

प्रश्न-स्थलीय तथा सागरीय समीर की दिशा में कितना परिवर्तन होता है ?

उत्तर-इनकी दिशा में 24 घण्टे के अंदर दो बार परिवर्तन होता है।

प्रश्न-चक्रवात क्या है ?

उत्तर-पवनों का ऐसा चक्र जिसमें अन्दर की ओर वायुदाब कम और बाहर की ओर अधिक होता है, चक्रवात कहलाता है।

प्रश्न-विश्व की मुख्य हवाओं का नामोल्लेख कीजिए।

उत्तर-विश्व की कुछ मुख्य स्थानीय हवाएँ चिनूक, फॉन, झिरोक्को, बोरा, ब्लिजर्ड आदि।

प्रश्न-उष्ण कटिबंधीय चक्रवात किसे कहते हैं ?

उत्तर-कर्क तथा मकर रेखाओं के मध्य उष्ण कटिबंध में उत्पन्न तथा विकसित होने वाले चक्रवातों को उष्ण कटिबंधीय चक्रवात कहते हैं।

प्रश्न-लहरें किसे कहते हैं ?

उच्चर-जल की सतह से टकराकर हवाएँ उसे विभिन्न स्थान से उठा देती हैं जिससे मोड़ों के रूप में जल ऊपर-नीचे होता है। इसे लहरें कहते हैं।

प्रश्न-ज्वार-भाटा किसे कहते हैं ?

उत्तर-सूर्य तथा चन्द्रमा की आकर्षण शक्तियों के कारण सागरीय जल के ऊपर उठकर आगे बढ़ने को ज्वार तथा नीचे गिरकर सागर की ओर पीछे लौटने को भाटा कहते हैं।

प्रश्न-महासागरीय धाराएँ कितने प्रकार की होती हैं ?

उत्तर-महासागरीय धाराएँ दो प्रकार की होती हैं- (i) गर्म धाराएँ,

(ii) ठण्डी धाराएँ।

प्रश्न-गल्फ स्ट्रीम क्या है ?

उत्तर-गल्फ स्ट्रीम अटलांटिक महासागर की एक प्रमुख गर्म जलधारा है।

प्रश्न-समुद्री जल की प्रमुख गतियाँ कौन-सी हैं ?

उत्तर-लहरें, ज्वारभाटा तथा धाराएँ समुद्री जल की मुख्य गतियाँ हैं।

प्रश्न-किन्हीं तीन महासागरीय धाराओं का नामोल्लेख कीजिए।

उत्तर-(i) क्यूरोशियो धारा; (ii) क्यूराइल की धारा, (iii) लेब्राडोर की धारा।

प्रश्न-संविधान किसे कहते हैं ?

उत्तर-संविधान उन आधारभूत नियमों एवं कानूनों का संग्रह है जिनके आधार पर किसी देश का शासन चलाया जाता है। संविधान सरकार की शक्ति तथा स्रोत है।

प्रश्न- भारतीय संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे ?

उत्तर-डॉ. भीमराव अम्बेडकर।

प्रश्न-भारतीय संविधान के निर्माण में कुल कितना समय लगा ?

उत्तर-संविधान के निर्माण में 2 वर्ष, 11 महीने तथा 18 दिन लगे।

प्रश्न-भारतीय संविधान की दो विशेषताएँ लिखिए।

उत्तर- (i) सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न लोकतन्त्रात्मक गणराज्य;

(ii) मूल अधिकारों की व्यवस्था।

प्रश्न-भारत की राष्ट्रभाषा क्या है ?

उत्तर-भारत की राष्ट्रभाषा हिन्दी है।

प्रश्न-भारतीय नागरिकों को कितने मूल अधिकार प्राप्त हैं ?

उत्तर- भारतीय नागरिकों को छः मूल अधिकार प्राप्त हैं।

प्रश्न-भारतीय संविधान कब लागू हुआ ?

उत्तर-26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ।

प्रश्न-गणतंत्र दिवस कब मनाया जाता है ?

उत्तर-गणतंत्र दिवस प्रत्येक 26 जनवरी को मनाया जाता है।

प्रश्न-नागरिकता प्राप्त करने की आवश्यक शर्तें क्या हैं ?

उत्तर-नागरिकता प्राप्त करने की पाँच आवश्यक शर्तें हैं-

(i) जन्म, (ii)

वंशानुगत,

(iii) पंजीकरण,

(iv) प्राकृतिक,

(v) क्षेत्र समाविष्ट।

प्रश्न-एकल नागरिकता क्या है ?

उत्तर- यद्यपि भारतीय संविधान संघीय है और इसने दोहरी पद्धति को (केन्द्र एवं राज्य) को अपनाया है, लेकिन इसमें केवल एकल नागरिकता की व्यवस्था की गयी है अर्थात् भारतीय नागरिकता।

प्रश्न-मूल अधिकारों से क्या तात्पर्य है ?

उत्तर- मूल अधिकारों का तात्पर्य राजनीतिक लोकतंत्र के आदर्शों की उन्नति से है। ये अधिकार देश में व्यवस्था बनाए रखने एवं राज्य के कठोर नियमों के खिलाफ नागरिकों की आजादी की सुरक्षा करते हैं।

प्रश्न-सम्पत्ति के मूल अधिकारों को संविधान के किस भाग द्वारा समाप्त कर दिया गया ?

उत्तर-भाग-3 द्वारा।

ITIGURUJI.COM

प्रश्न-नीति-निदेशक तत्वों से क्या आशय है ?

उत्तर- राज्य के नीति निदेशक तत्वों का उद्देश्य जनकल्याण को प्रोत्साहित करने वाली सामाजिक व्यवस्था का निर्माण करना है।

प्रश्न-किन्हीं दो नीति निदेशक तत्वों के नाम बताइए।

उत्तर- (i) आर्थिक सुरक्षा सम्बन्धी तत्व। (ii) सामाजिक प्रगति सम्बन्धी तत्व।

प्रश्न-उपभोक्ता का क्या अर्थ है ?

उत्तर- जब कोई व्यक्ति कोई माल (सामान) खरीदता है तो वह उस माल (सामान) का उपभोक्ता कहलाता है।

प्रश्न-उपभोक्ता विवाद प्रतितोष अभिकरण के कितने प्रकार हैं ?

उत्तर- (i) जिला फोरम, (ii) राज्य आयोग, (iii) राष्ट्रीय आयोग।

प्रश्न-उपभोक्ता अपनी शिकायतें कहाँ पर कर सकते हैं ?

उत्तर- उपभोक्ता अपनी शिकायतें उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत स्थापित विशेष न्यायालयों में कर सकते हैं।

प्रश्न-उपभोक्ता कितने प्रकार का हो सकता है ?

उत्तर-कोई भी व्यक्ति दो प्रकार का उपभोक्ता हो सकता है-

(i) माल का उपभोक्ता, (ii) सेवाओं का उपभोक्ता।

प्रश्न-कृषि के क्षेत्र में क्रान्ति की शुरुआत कब से हुई?

उत्तर-कृषि के क्षेत्र में क्रान्ति की शुरुआत सन् 1960 से हुई।

प्रश्न-वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय आय में कृषि का योगदान कितना है ?

उत्तर- 35 प्रतिशत।

HTGURUJI.COM

प्रश्न-प्रमुख खाद्यान्न फसलें कौन-सी हैं ?

उत्तर- प्रमुख खाद्यान्न फसलें हैं- (क) चावल, गेहूँ, मक्का, मोटे अनाज, (ख) दालें।

प्रश्न-हरित क्रान्ति का प्रमुख दोष है ?

उत्तर-कन्छ फसलों तक सीमित होना।

प्रश्न-मुद्रा का अर्थ क्या है ?

उत्तर"मुद्रा में वे सब वस्तुएँ शामिल हैं जो किसी भी समय एवं स्थान पर बिना संदेह और बिना किसी जाँच के अन्य वस्तुओं और सेवाओं को खरीदने और व्यापारिक दायित्वों को चुकाने के साधन के रूप में प्रचलित हैं।"

प्रश्न-चैक क्या है?

उत्तर-चैक एक शर्तरहित लिखित आज्ञा-पत्र है।

प्रश्न-चैक कितने प्रकार का होता है ?

उत्तर-चैक तीन प्रकार के होते हैं-

(i) वाह्य चैक, (ii) आदेशानुसार चैक, (iii) रेखांकित चैक।

प्रश्न- बैंक ड्राफ्ट क्या है ?

उत्तर- बैंक ड्राफ्ट (डिमांड ड्राफ्ट) आज्ञा-पत्र होता है जिसका लिखने वाला बैंक अपनी अन्य शाखा को आदेश देता है कि उसमें लिखित धनराशि का उसमें लिखित व्यक्ति, शाखा, संस्था को माँगने पर भुगतान कर दे।

प्रश्न-प्रतिज्ञा-पत्र क्या है ?

उत्तर-प्रतिज्ञा-पत्र एक महत्वपूर्ण साख-पत्र है। प्रतिज्ञा-पत्र शर्त रहित प्रतिज्ञा है।

ITIGURUJI.COM

प्रश्न-हुण्डी क्या है ?

उत्तर-हुण्डी भारतीय भाषा में लिखा गया साख-पत्र है जिसमें लिखने वाला किसी निश्चित व्यक्ति को आश्वासन देता है कि वह उसमें लिखित धनराशि का भुगतान स्वयं को या उसमें लिखित व्यक्ति को या उसके आदेशानुसार धारक को दे दे। इस पर मूल्यानुसार टिकट लगाया जाता है।

प्रश्न- मुद्रा स्फीति कितने प्रकार की होती है ?

उत्तर-मुद्रा स्फीति दो प्रकार की होती है-

(i) आंशिक मुद्रा स्फीति, (ii) पूर्ण मुद्रा स्फीति ।

प्रश्न- मुद्रा का अवमूल्यन क्या है ?

उत्तर-जब विदेशी मुद्राओं में देश की मुद्रा का मूल्य कम हो जाता है तो इसे मुद्रा अवमूल्यन कहते हैं।

प्रश्न-साख मुद्रा के प्रचलित रूपों के नाम लिखिए।

उत्तर-साख मुद्रा के पाँच प्रचलित रूप हैं चैक, बैंक ड्राफ्ट, प्रतिज्ञा-पत्र, हुण्डी, विनिमय विपत्र।

प्रश्न-औद्योगीकरण क्या है ?

उत्तर-औद्योगीकरण वह प्रक्रिया है जिसमें उद्योगों का नियमित व क्रमिक विकास होता रहता है तथा धीरे-धीरे उसमें नवीनता एवं आधुनिकता का समावेश होता रहता है।

प्रश्न-कुटीर उद्योग क्या है ?

उत्तर-वह उद्योग जो पूर्ण रूप से या मुख्य रूप से परिवार के सदस्यों की सहायता से या तो पूर्णकालिक व्यवसाय के रूप में या अंशकालिक व्यवसाय के रूप में चलाये जाते हैं जिनमें परम्परागत विधियों व स्थानीय कच्चे माल का प्रयोग होता है।

HINDIGURUJI.COM

प्रश्न-लघु उद्योग को समझाइए।

उत्तर - लघु उद्योगों में उन सब कारखानों, इकाइयों को शामिल किया जाता है जिसमें एक करोड़ तक की पूँजी का मशीनों तथा संयंत्रों में निवेश हुआ है।

प्रश्न-अति लघु उद्योग क्या है ?

उत्तर - वह उद्योग जिनमें 25 लाख तक की पूँजी का निवेश हुआ है।

प्रश्न-कुटीर एवं लघु ग्द्योग की प्रमुख समस्याएँ क्या हैं ?

उत्तर- (i) कच्चे माल की समस्या, (ii) बड़े उद्योगों से प्रतियोगिता।

प्रश्न-सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग की वर्तमान में संख्या कितनी है ?

उत्तर - तीन।

प्रश्न - बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ क्या हैं ?

उत्तर - बहुराष्ट्रीय कम्पनी एक ऐसी फर्म होती हैं जिनका प्रधान कार्यालय तो एक देश में होता है किन्तु उनकी व्यापारिक क्रियाएँ बहुत से अन्य देशों में होती हैं। इन्हें राष्ट्र निगम भी कहते हैं।

प्रश्न- 'संविधान' के निर्माण में कितना समय लगा ? यह संविधान सभा द्वारा कब पारित किया गया ? (2017)

उत्तर - 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन

पारित = 26 जनवरी, 1950

प्रश्न- 'मौलिक अधिकार' किसकी निरंकुशता पर रोक लगाते हैं ?

(2017)

उत्तर- मौलिक अधिकार सरकार की निरंकुशता पर रोक लगाते हैं।

प्रश्न -सल्तनत युग में 'चरसा' शब्द किससे सम्बन्धित था ? (2015)

उत्तर- सिंचाई के लिए प्रयोग की जाने वाली चमड़े की बाल्टी।

प्रश्न- गुलाम वंश का अन्तिम शासक कौन था ?

उत्तर - कैकूबाद।

(2015)

प्रश्न-मंगोल आक्रमण से भारत की उत्तर-पश्चिम सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए बलवन ने कौन-से कार्य किए ? (2015)

उत्तर - उसने अपने बेटे मुहम्मद खान को लड़ने भेजा।

प्रश्न-दिल्ली के अधिकांश सुल्तानों द्वारा खलीफा के पद को सम्भावित करने का वास्तविक लक्ष्य क्या था ? (2015)

उत्तर - सुल्तान खुद को खुदा का प्रतीक समझते थे।

प्रश्न सल्तनत काल में 'तूतिए हिन्द' (भारत को तोता) की उपाधि मिली (2015) थी ?

उत्तर- अमीर खुसरो को।

प्रश्न-शिवाजी के समय 'सरसूबादार' किसे कहा गया था ? (2015)

उत्तर- किसी क्षेत्र विशेष के प्रतिनिधि/सेनापति।

प्रश्न छियासीवें संशोधन में अनुच्छेद 21 ए में जोड़ा गया शिक्षा का अधिकार क्या है ? (2015)

उत्तर-6-14 वर्ष तक के बच्चों के लिए अनिवार्य व निःशुल्क शिक्षा।

ITIGURUJI.COM

प्रश्न समवती' सूची' किसे कहते हैं ?

(2015)

उत्तर-जिसमें केन्द्र व राज्य दोनों के विषय में कानून बनाए गए हैं।

प्रश्न-एफ. आई, आर. का पूरा नाम लिखिए।

(2015)

उत्तर-फस्ट इन्फोरमेशन रिपोर्ट।

प्रश्न-शैल कितने प्रकार के होते हैं? लिखिए।

(2015)

उत्तर-आग्नेय शैल, अवसादी शैल, रूपान्तरित शैल।

प्रश्न- स्वेज नहर किन सागरों को जोड़ती है ?

(2015)

उत्तर-लाल सागर व भूमध्य सागर।

प्रश्न-टुण्ड्रा प्रदेश में चलने वाली हवाओं को किस नाम से जानते हैं ?

(2015)

उत्तर-पछुवा पवन ।

प्रश्न- आमेजन तथा जायरे घाटी के लोगों के मुख्य व्यवसाय क्या थे?

(2015)

उत्तर-पशु पालन, मत्स्य पालन, दुग्ध उद्योग।

प्रश्न-आग्नेय शैल के उदाहरण बताइए।

(2015)

ITIGURUJI.COM

उत्तर-ग्रेनाइट, बैसाल्ट ।

प्रश्न 'पैन्जिया' किसे कहते हैं ?

(2015)

उत्तर-भूस्खलन के कारण जो भूखण्ड निर्मित होता है।

प्रश्न-कोणार्क का सूर्य मन्दिर किस प्रान्त में स्थित है? इसका निर्माण किसने कराया था?

(2016)

उत्तर कोणार्क के सूर्य मन्दिर का निर्माण गंगवंश के राजा नरसिंह देव प्रथम ने करवाया था। सूर्य मन्दिर कोणार्क (उड़ीसा) में पुरी से लगभग 30 किलोमीटर दूर समुद्रतट पर स्थित है।

प्रश्न-चोलों के शासनकाल में जनपद तथा गाँवों को क्या कहा जाता था?

(2016)

उत्तर-चालों के शासनकाल में जनपद को नाडु तथा गाँवों को कुर्रम कहते थे।

प्रश्न-इब्राहीम लोदी और बाबर का युद्ध कब और कहाँ पर हुआ ?

(2016)

उत्तर-सन् 1526 में पानीपत के मैदान में इब्राहीम लोदी और बाबर का मुकाबला हुआ। युद्ध में इब्राहीम लोदी की पराजय हुई। इब्राहीम लोदी मारा गया। बाबर ने लोदी वंश का अंत करके भारत में मुगलवंश की स्थापना की।

प्रश्न-मौहम्मद साहब के पाँच सिद्धान्तों में जकात का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

उत्तर-अपनी वार्षिक कमाई का 2.5% का दान करना।

(2016)

प्रश्न-पृथ्वी की भू-पर्पटी के नीचे अधःस्तर में तीन पर्तें कौन-कौन सी हैं?

(2016)

TNSURUJI.COM

उत्तर-पृथ्वी की भू-पर्पटी के नीचे अधः स्तर में निम्नलिखित तीन पर्तें होती हैं- 1. सियाल, 2. सीमा, 3. निफे।

प्रश्न आग्नेय शैल की विशेषताएँ बताइए।

(2016)

उत्तर- इन चट्टानों की निम्न विशेषताएँ हैं-

(2) ये रवेदार चट्टानें हैं,

(1) ये चट्टानें जीव-जन्तु एवं वनस्पति रहित हैं, (3) ये कठोर एवं अपारगम्य चट्टानें हैं, (4) इन चट्टानों में परतें नहीं होती हैं।

प्रश्न-ज्वालामुखी कितने प्रकार के होते हैं ?

(2016)

उत्तर-ज्वालामुखी तीन प्रकार के होते हैं-

(1) सक्रिय ज्वालामुखी, (2) सुसुप्त ज्वालामुखी, (3) मृत या शांत ज्वालामुखी।

प्रश्न-बालूका स्तूप कहाँ पाए जाते हैं ?

(2016)

उत्तर- पवन द्वारा रेत एवं बालू के निक्षेप से निर्मित टीलों को बालुका स्तूप कहते हैं। इन स्तूपों के आकार में तथा स्वरूप में बहुत विविधता देखने को मिलती है। बालुका स्तूपों का निर्माण शुष्क तथा अर्धशुष्क भागों के अलावा सागर तटीय भागों में, झीलों के रतीले प्रदेशों से होकर प्रवाहित होने वाली सरिताओं के बाढ़ के क्षेत्रों में पाये जाते हैं।

प्रश्न- 'मिस्टल' तथा 'ब्लिजर्ड' किस प्रकार की हवाएँ हैं ?

(2016)

उत्तर- मिस्टल-यह ठण्डी ध्रुवीय हवाएँ हैं, जो रोन नदी की घाटी से कोहर चलती हैं।

ब्लिजर्ड या हिम झंझावत- यह बर्फ के कणों से युक्त ध्रुवीय हवाएँ हैं। रूस के टुण्ड्रा प्रदेश एवं साइबेरिया में ब्लिजर्ड का स्थानीय नाम क्रमशः पुरगा व बुरान है।

प्रश्न-संविधान सभा कब बनायी गयी ? इसमें कुल कितने लोग थे ?

(2016)

उत्तर- संविधान सभा की कुल सदस्य संख्या 389 निर्धारित की गयी जिसमें से 292 सदस्य ब्रिटिश प्रान्तों से 93 सदस्य देशी रियासतों से तथा शेष 4 सदस्य चीफ कमिश्नर क्षेत्रों से आने थे।

प्रत्येक सम्प्रभु राष्ट्र का अपना एक संविधान होता है। भारत का भी अपना अलग संविधान है जिसे संविधान निर्मात्री सभा ने तैयार किया था। केबिनेट मिशन योजना के अनुसार जुलाई, 1946 में संविधान सभा के 296 स्थानों के लिए चुनाव हुए। संविधान सभा का प्रथम अधिवेशन 9 दिसम्बर, 1946 को प्रारम्भ हुआ तथा डॉ. सच्चिदानन्द

सिन्हा को सर्वसम्मति से सभा का अस्थायी अध्यक्ष चुना गया। ।। दिसम्बर, 1946 को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को संविधान सभा का स्थायी अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। संविधान का उद्देश्य प्रस्ताव पं. जवाहरलाल नेहरू द्वारा 13 दिसम्बर, 1946 को प्रस्तुत किया गया।

प्रश्न- 'पंथ-निरपेक्ष' से आप क्या समझते हैं ?

(2016)

उत्तर-पंथ-निरपेक्ष राज्य उस राज्य को कहते हैं जिसमें राज्य की निगाह में सभी पंथ (धर्म) समान होते हैं।

प्रश्न-कालिदास के दो ग्रन्थों के नाम लिखिए।

उत्तर- (i) रघुवंश महाकाव्य, (ii) अभिज्ञान शाकुन्तलम्।

(2016 IП)

प्रश्न गुप्तकालीन चित्रकला के दो केन्द्रों के नाम लिखिए।

उत्तर-मथुरा, सारनाथ और पाटलिपुत्र।

प्रश्न- राजपूतों की उत्पत्ति से सम्बन्धित दो सिद्धान्तों का नामाल्लेख कीजिए।

(2016 II)

उत्तर-राजपूतों की उत्पत्ति का प्रश्न भारतीय इतिहासकारों में अत्यन्त विवादग्रस्त है। महाभारत में 'राजपूत' शब्द का उल्लेख कुलीन क्षत्रिय के लिए किया गया है। बाण के हर्षचरित में राजपूत शब्द का प्रयोग सैनिकों के लिए किया गया है। इस सम्बन्ध में विद्वानों ने निम्नलिखित सिद्धान्त प्रतिपादित किए हैं-

(1) विदेशी उत्पत्ति का सिद्धान्त प्रसिद्ध इतिहासकार कर्नल टॉड ने अग्निकुण्ड वाली अनुश्रुति के आधार पर राजपूतों को विदेशी बतलाया है। उनका कथन है कि राजपूत सीथियन या शकों के वंशज थे जो छठी शताब्दी के लगभग भारत में प्रविष्टि हुए। इन्हीं विदेशी विजेताओं को, जब वे शासक बन बैठे तो उन्हें अग्नि संस्कार द्वारा पवित्र कर हिन्दू जाति-व्यवस्था के अन्तर्गत ले लिया गया। चूँकि वे शासन का काम करते थे और यही काम क्षत्रियों के भी थे, अतएव उन्हें क्षत्रियों की श्रेणी में रखा गया है और वे राजपूत कहलाये।

(2) अग्निकुण्ड का सिद्धान्त कुछ विद्वानों ने 'पृथ्वीराज रासो' के आधार पर इस सिद्धान्त का प्रतिपादन किया है कि प्रतिहार, परमार, चालुक्य तथा चौहान राजपूत अग्निवंशी हैं। आबू पर्वत पर वशिष्ठ जी का यज्ञ एक अग्निकुण्ड था जिससे परमार, प्रतिहार, चालुक्य तथा चौहान आदि राजपूतों की उत्पत्ति हुई। राजपूतों के ये चार वंश अग्निवादी कहलाते हैं। इन जातियों से सम्बन्धित अन्य प्रमाणों से इनका सम्बन्ध क्षत्रिय कुल से स्पष्ट होता है। राजपूतों की उत्पत्ति का यह सिद्धान्त ऐतिहासिक दृष्टि से उचित नहीं जान पड़ता है।

प्रश्न 'भोज' किस वंश के राजा थे ?

(2016 11)

उत्तर-भोज परमार वंश का राजा था। उसकी राजधानी धारा नगरी थी।

प्रश्न 'गीत गोविन्द किसकी प्रसिद्ध रचना है ?

(2016 П)

उत्तर-जयदेव की।

प्रश्न- खजुराहो मन्दिर का निर्माण किन राजाओं ने कराया था? (2016 II)

उत्तर-चन्देल राजाओं ने।

प्रश्न भक्तिकालीन दो सन्तों के नाम लिखिए।

(2016 II) उत्तर- भक्ति आन्दोलन के सन्त 1. रामानुजाचार्य, 2. रामानन्द, 3. गुरुनानक, 4. कबीर।

प्रश्न- जलवायु का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(2016 II)

उत्तर-जलवायु किसी बड़े इलाके का औसत मौसम है जो एक लम्बे समय से बना रहता है। सरल शब्दों में किसी इलाके में किसी एक तरह का औसत मौसम अगर लम्बे समय से बना रहता है तो उसे उस इलाके की जलवायु कहा जाता है, मौसम जहाँ कुछ दिनों या घण्टों में बदल सकता है वहीं जलवायु बदलने में सैकड़ों हजारों साल का समय लगता ह

प्रश्न-भारतीय संविधान में कितने अनुच्छेद हैं

(2016 II)

उत्तर- भारतीय संविधान में 395 अनुच्छेद हैं।

प्रश्न- 'स्वतन्त्रता के अधिकार' के अन्तर्गत आने वाली दो स्वतन्त्रताओं का उल्लेख कीजिए।

(2016 11)

उत्तर-स्वतन्त्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19 से 22 तक)

प्रत्येक नागरिक अपनी सामर्थ्य और योग्यता के अनुसार अपना विकास कर सके, इसके लिए स्वतन्त्रता के अधिकार को संविधान में सम्मिलित किया गया है। इस मूल अधिकार के अन्तर्गत प्रत्येक भारतीय नागरिक को निम्न स्वतन्त्रताएँ प्रदान की गयी हैं-

अनुच्छेद 19 के अन्तर्गत, इस अधिकार से सम्बन्धित निम्न छह स्वतन्त्रताएँ

नागरिकों को प्राप्त हैं- (i) संविधान द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को भाषण के रूप में अपने विचार व्यक्त करने एवं उन्हें पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित कराने की स्वतन्त्रता दी गयी है।

(ii) नागरिकों को शान्तिपूर्वक सभा आदि करने की भी स्वतन्त्रता प्रदान की गयी है।

(iii) प्रत्येक व्यक्ति व्यक्ति अपनी इच्छानुसार व्यवसाय करने के लिए स्वतन्त्र है।

(iv) नागरिकों को मानव-हितों के लिए समुदायों अथवा संघ निर्माण की स्वतन्त्रता है।

(v) नागरिकों को देश की सीमाओं के अंदर स्वतन्त्रतापूर्वक एक स्थान से दूसरे स्थान पर

भ्रमण की पूर्ण स्वतन्त्रता प्रदान की गयी है।

प्रश्न-भू-स्खलन से क्या तात्पर्य है ?

उत्तर-भू-पृष्ठ पर शैलों के अपक्षय से प्राप्त पदार्थ गुरुत्वाकर्षण शक्ति के कारण ढाल की दिशा में खिसकना आरम्भ कर देते हैं। तीव्र एवं खड़े ढालों पर अपक्षयित पदार्थों के आकस्मिक रूप से खिसकने की क्रिया भू-स्खलन (Land Sliding) कहलाती है।

प्रश्न-भारतीय सेना का सर्वोच्च सेनापति कौन होता है ?

(2016 II)

उत्तर- भारत के राष्ट्रपति।

प्रश्न-जब सूर्य तथा चन्द्रमा के बीच पृथ्वी आती है तब कौन-सा ग्रहण पड़ता है ?

(2016 11)

उत्तर- चन्द्रमा स्वयं प्रकाश उत्पन्न नहीं करता, यह सूर्य का प्रकाश पड़ने से चमकने लगता है। जब पृथ्वी, सूर्य तथा चन्द्रमा के बीच में आ जाती है तो चन्द्रमा पृथ्वी की छाया में आ जाता है, जिसके कारण सूर्य का प्रकाश चन्द्रमा पर नहीं पड़ता और चन्द्रमा दिखायी नहीं देता है, इसे चन्द्र ग्रहण कहते हैं यह केवल पूर्णमासी के दिन होता है।

ITIGURU.COM

जब चन्द्रमा, पृथ्वी की उपछाया से गुजरता है, तो इसके कुछ भाग पर सूर्य का प्रकाश पड़ने लगता है और चन्द्रमा का कुछ भाग दिखायी देने लगता है, इसे खण्ड चन्द्र ग्रहण कहते हैं।

प्रश्न-चन्देलों के दो प्रसिद्ध नगरों के नाम बताइए ?

उत्तर- बुन्देलखण्ड, खुजराहो, महोबा, अजयगढ़।

(2017)

प्रश्न-राजपूत काल के चार प्रमुख कवियों के नाम बताइए।

(2017)

उत्तर-(1) पृथ्वी राज रासो, (2) हलायुध, (3) नयचन्द्रसूरी, (4) पद्यम

गुप्त।

प्रश्न- 'भोज प्रबन्ध' किसकी रचना है ?

(2017)

उत्तर-वल्लाल।

प्रश्न- 'प्रयाग प्रशस्ति' के रचयिता कौन थे ?

(2017)

उत्तर-हरिषेण।

प्रश्न-मौर्य वंश का संस्थापक कौन था ?

(2017)

उत्तर-चन्द्रगुप्त मौर्य।

ITIGURUJI.COM

प्रश्न-कुतुबुद्दीन ऐबक ने अपने शासनकाल में किन दो मस्जिदों का निर्माण कराया ?

उत्तर-(1) कुब्बत-उल-इस्लाम,

(2) अढ़ाई दिन का झोपड़ा।

(2017)

प्रश्न-सल्तनत काल में राज्य का सर्वोच्च अधिकारी/पदाधिकारी कौन होता था ?

(2017)

उत्तर-सुल्तान।

प्रश्न-हिम नदियों के अपरदन से 'वी' आकार की घाटी किस आकार में बदल जाती है ?

उत्तर- आकार में।

(2017)

प्रश्न- 'वाष्पीकरण' से आप क्या समझते हैं ?

(2017)

उत्तर-किसी तत्व या यौगिक का द्रव अवस्था से गैस अवस्था में परिवर्तन वाष्पीकरण कहलाता है। जैसे-पानी का वाष्प बनकर उड़ जाना वाष्पीकरण कहलाता है।

प्रश्न- 'सूर्याभिताप' किसे कहते हैं ?

(2017)

उत्तर-सूर्य से आने वाली ऊष्मा जो वातावरण द्वारा सोख ली जाती है। सूर्याभिताप कहलाती है।

प्रश्न-मूल अधिकार किस पर बल देते हैं ?

(2017)

उत्तर-मूल अधिकार सभी नागरिकों के बुनियादी मानव अधिकार के रूप में परिभाषित किया गया है।

MPGURUJI.COM

प्रश्न-अर्थव्यवस्थाओं का वर्गीकरण प्रमुख रूप से किन दो आधारों से करते हैं ?

उत्तर-(1) श्रम, (2) पूँजी।

(2017)

प्रश्न- 'उत्पादन' क्या है ?

(2017)

उत्तर-उत्पादन अर्थशास्त्र में उत्पादन औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा वस्तुओं, सामानों या सेवाओं को निर्मित करने की प्रक्रिया को कहते हैं।

प्रश्न- 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम' कब लागू हुआ था ?

उत्तर-1986.

प्रश्न-मेगस्थानीज द्वारा रचित पुस्तक का नाम लिखिए।

उत्तर-इण्डिका।

प्रश्न-तृतीय बौद्ध संगति का आयोजन किसके शासनकाल में हुआ था ?

उत्तर-सम्राट अशोक।

प्रश्न-खुजराहों के मन्दिर का निर्माण किन राजाओं ने कराया लिखिए।

उत्तर-चन्द्रेल राजाओं द्वारा।

ITIGURUJI.COM

प्रश्न-राजपूत कालीन प्रसिद्ध शिक्षा केन्द्रों के नाम लिखिए।

उत्तर-नालन्दा, विक्रय शिला, काशी, उज्जैन आदि।

प्रश्न-महमूद गजनबी ने भारत के प्रसिद्ध मंदिर पर सत्रह बार आक्रमण किया था ?

उत्तर- सोमनाथ मंदिर।

प्रश्न- सल्तनत कालीन राज्य की आय के दो साधन लिखिए।

(2019 1)

उत्तर- 1. उन-मुस्लिमों से लिया जाने वाला कर, 2. खराज-गैर-मुस्लिमों से लिया जाने वाला कर।

प्रश्न-परतदार शेल के दो उदाहरण लिखिए।

(2019 1)

उत्तर- 1. बलुआ पत्थर, 2. चुना पत्थर, 3. स्लेट, 4. संगमरमर, 5. लिग्नाईट।

प्रश्न-विश्व की सबसे बड़ी नदी कौन-सी है ?

(2019 I)

उत्तर-अमेरिका की अमेजन नदी विश्व की सबसे बड़ी नदी है।

प्रश्न-सूर्यताप किसे कहते हैं ?

(2016, 2017, 2019 1, 2020)

उत्तर-सूर्यताप सूर्य से पृथ्वी तक पहुँचने वाले सौर विकिरण ऊर्जा को सूर्यताप कहते हैं। ऊर्जा लघु तरंगों के रूप में पृथ्वी पर पहुँचाती है।

प्रश्न-ज्वार-भाटा से आप क्या समझते हैं ?

JIGURUJI.COM

(2019 Γ)

उत्तर- "ज्वार-भाटा वह विशिष्ट क्रिया है जिसमें सूर्य व चन्द्रमा की गुरुत्वाकर्षण

की शक्ति के प्रभाव से प्रतिदिन नियमित रूप से समुद्र तल ऊपर उठता एवं नीचे गिरता है।" पानी के ऊपर उठने की क्रिया को ज्वार (Flow of the tide) एवं नीचे गिरने की क्रिया को भाटा (Ebb of the tide) कहा जाता है। ज्वार-भाटा के समय सागर तल में आने वाले परिवर्तन को नियमित रूप से मापा जा सकता है। अतः तट पर इसी के अनुसार विशेष सावधानी से जल की सम्भावित ऊँचाई की रेखाएँ बनायी जा सकती हैं। इनका तटवासियों की सुरक्षा के लिए भी विशेष महत्व है।

प्रश्न-संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे? (2019 1)

उत्तर-डॉ. बी. आर अम्बेडकर।

प्रश्न-भारतीय नागरिकों के किन्हीं दो मूल अधिकारों के नाम लिखिए।

(2019 1)

उत्तर- 1. जीवित रहने का अधिकार, 2. घूमने फिरने की स्वतन्त्रता का अधिकार।

प्रश्न-भारत में हरित क्रान्ति के जनक कौन थे ?

उत्तर-एम. एस. स्वामीनाथन।

प्रश्न-अर्थव्यवस्था की मूल समस्याएँ लिखिए।

उत्तर-1. असीमित आवश्यकताएँ, 2. सीमित साधन।

प्रश्न-सल्तनत काल का अन्तिम सुल्तान कौन था ?

(2019 II)

उत्तर-इवाहिम लोदी।

प्रश्न- अशोक ने किस धर्म को राजाश्रय प्रदान किया था ?

(2019 II)

उत्तर-बौद्ध धर्म को।

प्रश्न-अजन्ता वर्तमान भारत के किस राज्य में स्थित है?

(2019 П)

उत्तर-अजन्ता गुफाएँ महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में हैं। अजन्ता गुफाएँ सन् 1983 से युनेस्को की विश्व धरोहर स्थल है।

प्रश्न-दिल्ली सल्तनत के किन्हीं दो राजवंशों के नाम लिखिए।

(2019 II)

उत्तर- 1. गुलामवंश (1206-1290), 2. खिलजी वंश (1290-1320), 3. तुगलक वंश (1320-1414), 4. सैयद वंश (1414-1451), 5. लोदी वंश (1451-1526)।

प्रश्न-हर्ष कालीन दो शिक्षा केन्द्रों के नाम लिखिए।

(2019 П)

उत्तर-नालंदा विश्वविद्यालय, तक्षशिला विश्वविद्यालय।

प्रश्न-किस अक्षांश रेखा को भूमध्य रेखा कहा जाता है?

उत्तर-० (शून्य) डिग्री अक्षांश से जाने वाली रेखा भूमध्य रेखा है।

(2019 II)

प्रश्न-अपक्षय क्या है?

(2019 П)

उत्तर-अपक्षय-ऐसी सभी प्रक्रियाएँ जिनसे चट्टाने अपने स्थान पर टूटती रहती है और टूटा हुआ पदार्थ अपने मूल स्थान पर ही पड़ा रहता है। अपक्षय कहलाता है।

प्रश्न-मौसम और जलवायु में क्या अन्तर है?

(2019 II)

उत्तर-मौसम और जलवायु में अन्तर- किसी स्थान की दिन-प्रतिदिन की वायुमण्डलीय अवस्था को मौसम कहा जाता है तथा मौसम में होने वाले दीर्घकालिक परिवर्तन को जलवायु कहा जाता है।

दूसरे शब्दों में मौसम अल्पकालिक वायुमण्डलीय दशा को दर्शाता है और जलवायु दीर्घकालिक वायुमण्डलीय दशा को दर्शाता है। मौसम और जलवायु दोनों के तत्व तापमान, वायुदाब, आर्द्रता आदि होती है।

प्रश्न-वायुमण्डल के सबसे निचली परत का क्या नाम है?

(2019 П)

उत्तर-वायुमण्डल की सबसे निचली परत को क्षोभमण्डल कहते हैं।

प्रश्न-विश्व के सबसे गहरे महासागरीय गर्त का क्या नाम है?

(2019 11)

उत्तर - मरिपाना गर्त विश्व का प्रमुख और बहुत ही गहरा महासागरीय गर्त है। यह पश्चिमी प्रशान्त महासागर में मरियाना द्वीप समूह से 200 किलोमीटर पूर्व में स्थित है।

प्रश्न-मूल अधिकारों को किन परिस्थितियों में स्थगित किया जा सकता है?

(2019 II)

उत्तर - आपात स्थिति लागू होने की स्थिति में अनुच्छेद 20 और 21 को छोड़कर शेष मूल अधिकारों में से किसी को भी राष्ट्रपति के आदेश द्वारा अस्थाई रूप से निलंबित किया जा सकता है।

प्रश्न संवैधानिक उपचारों के अधिकार के अन्तर्गत न्यायालय कितने प्रकार का लेख जारी करता है?

(2019-11)

उत्तर- 1. बदी प्रत्यक्षीकरण, 2. परमादेश, 3. निषेधादेश, 4. अधिकर पृच्छा आदेश, 5. उत्प्रेषण।

प्रश्न- मुद्रा स्फीति के किन्हीं दो प्रकारों के नाम लिखिए।

(2019 11)

उत्तर- प्रकार-1. आंशिक मुद्रा स्फीति, 2. पूर्ण मुद्रा स्फीति, 3. रेंगती या चलती हुई मुद्रा स्फीति, 4. स्क्यूप्लेशन।

प्रश्न- उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम कब पास हुआ?

उत्तर-उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में पास हुआ।

(2019 11)

प्रश्न- विकसित अर्थव्यवस्था का क्या तात्पर्य है?

(2019 П)

उत्तर- विकसित अर्थव्यवस्था से अभिप्राय उस अर्थव्यवस्था से है जिस अर्थव्यवस्था ने विकास के उच्चतम मानक को प्राप्त करा लिया है तथा लोग उच्च स्तर का जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

प्रश्न- मौर्य सामाज्य का अन्तिम सम्राट कौन था?

उत्तर-मौर्य साम्राज्य का अन्तिम सम्राट वृहद्रथ था।

प्रश्न- दशावतार मन्दिर कहाँ स्थित है ?

उत्तर-दशावतार मन्दिर देवगढ़ में है।

MYGURUJI.COM

प्रश्न- तुलगक वंश का संस्थापक कौन था?

उत्तर-ग्यासुद्दीन तुगलक ।

प्रश्न- कबीरदास का जन्म कहाँ हुआ था ?

(2020)

उत्तर-कबीरदास का जन्म वाराणसी में संवत् 1398 में हुआ था।

प्रश्न- चट्टानें कितनी प्रकार की होती हैं ?

(2020)

उत्तर-चट्टानें तीन प्रकार की होती है-

1. आग्नेय, 2. अवसादी, 3. रूपान्तरित (कायात्वरित)।

प्रश्न- राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस कब मनाया जाता है?

(2020)

उत्तर-राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसम्बर को मनाया जाता है।

प्रश्न- हरित क्रांति किससे सम्बन्धित है ?

(2020)

उत्तर-हरित क्रांति का तात्पर्य कृषि करने के तरीकों में सुधार करने तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि करने से है।

प्रश्न-जीवमण्डल की परिभाषा दीजिए।

(2020)

उत्तर-जहाँ स्थल, जल एवं हवा एक साथ मिलते हैं, वहाँ सभी प्रकार की वनस्पतियों, जीव-जन्तु, पशु-पक्षी आदि का जन्म होता है। यह जीव मण्डल या जैव मण्डल कहलाता है।

FIGURUJI.COM

प्रश्न-नागरिकता किस अनुच्छेद से सम्बन्धित है?

उत्तर-अनुच्छेद 5 से अनुच्छेद 11.

(2020)

प्रश्न-खिलजी वंश के दो शासकों के नाम बताइए।

(2020)

उत्तर-जलालुद्दीन खिलजी तथा अलाउद्दीन खिलजी।

प्रश्न-स्थायी पवन किसे कहते हैं ?

उत्तर- ये पवनें सदैव एक ही क्रम में वर्ष भर के निश्चित दिशा की ओर चलती है। यद्यपि इनका वितरण पूरे ग्लोब पर होता है तथा इसकी उत्पत्ति समस्त ग्लोब के तापक्रम तथा पृथ्वी के घूर्णन से उत्पन्न उच्च तथा निम्न वायुदाब से सम्बन्धित है, अतः इन्हें ग्रहीय पवनें भी कहा जाता है।

प्रश्न-ह्वयेनसांग कौन था? एवं उसका जन्म कब हुआ था ?

(2021)

उत्तर-ह्वयेनसांग एक चीनी यात्री था और ये हर्षवर्धन के शासन काल में आया था और यह 15 सालों तक रहा था इसका जन्म 602 ई. में हुआ था।

प्रश्न-गुप्त सामाज्य में साहित्यिक स्रोत कौन-कौन से हैं?

(2021)

उत्तर-गुप्त साम्राज्य के साहित्यिक स्रोत ऋतु संहार, कुमार सम्वम, मेघदूत, अभिज्ञान शकुन्तला है।'

प्रश्न-भूकम्पीय तरंगों को नापने वाला यंत्र क्या कहलाता था ?

HTGURU.COM

(2021)

उत्तर-रिक्टर स्केल से नापते हैं।

प्रश्न-ज्वालामुखी उद्गार से निकलने वाले पदार्थों के नाम लिखिए।

(2021).

उत्तर-लावा, चट्टानें और बहुत-सी गैसें निकलती हैं।

प्रश्न-नागरिक बनने के लिए किन शर्तों को पूरा किया जाना चाहिए? (2021)

उत्तर-अगर को बाहरी व्यक्ति भारत की नागरिकता लेना चाहता है उसे कम-से-कम पहले सात साल के लिए भारत में रहना होगा।

प्रश्न-ग्रेशम का नियम लिखिए।

(2021)

उत्तर- ग्रेशम का नियम बुरा सिक्का जो होता है वह अच्छे सिक्के को चलन से बाहर कर देता है लेकिन अच्छा सिक्का बुरे सिक्के को चलन से बाहर नहीं करता है।

प्रश्न-भारतीय सेना का सर्वोच्च सेनापति कौन होता है?

उत्तर- भारतीय सेना का सर्वोच्च सेनापति राष्ट्रपति होता है।

प्रश्न-लघु एवं कुटीर उद्योगों में अन्तर बताइए।

उत्तर-लघु-उद्योग छोटे पैमाने पर होता है जो मध्यम स्तर के लोग करते हैं।

(2021)

कुटीर-कुशल कारीगरों द्वारा कम पूँजी और अधिक कुशलता से अपने हाथों के माध्यम

से अपने घरों में निर्माण किया जाता है। दोनों में यही अन्तर होता है।

ITIGURUJI.COM

प्रश्न-पृथ्वी कितने दिन में सूर्य का चक्कर पूरा करती है? बताइए।

उत्तर-365 दिन 6 घण्टे 48 मिनट 45.51 सेकण्ड में पूरा करती है।

प्रश्न-बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से आशय स्पष्ट कीजिए।

(2021)

उत्तर-अपने देश की तुलना में एक या एक से अधिक देशों में वस्तुएँ व सेवाओं को उत्पन्न करती है। उन्हें बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ कहते हैं।

ITIGURUJI.COM